अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल

तत्त्व ज्ञान (वर्ष : 2025) दिनांक : 17.12.2025

समय सीमा : 3 घंटा प्रथम वर्ष : प्रथम प्रश्न पत्र पूर्णांक : 100

पच्चीस बोल–20

प्र. 1 कोई तीन बोल लिखें– 12

(क) भवनपति देवों के दण्डक।

(ख) बाईसवां बोल।

(ग) पुण्य के भेद।

(घ) बीसवां बोल।

(ड़) सातवां बोल।

प्र. 2 किन्हीं पांच प्रश्नों के उत्तर लिखें– 5

(क) वस्तुओं के मुख्य धर्म क्या हैं?

(ख) शरीर किसे कहते हैं?

(ग) संसारी जीवों के कितने समूह हैं?

(घ) रसनेन्द्रिय के विषय के नाम लिखें।

(ड़) जीव का नौवां भेद कौन सा है?

(च) दण्डक किसे कहते हैं?

(छ) सात कोटि त्याग के भांगा कितने व कौन से हैं?

(ज) गुणस्थान किसे कहते हैं?

प्र. 3 योग किसे कहते हैं? आत्म प्रयत्न अपना संचालन कार्य किसकी सहायता से करता है? जैन परिभाषा में इनको क्या कहते हैं? 3

पच्चीस बोल की चर्चा–45

प्र. 4 कोई तीन बोल की चर्चा लिखें– 15

(क) चौथा बोल व सातवां बोल।

(ख) दूसरा बोल व बारहवां बोल।

(ग) उन्नीसवां व पच्चीसवां बोल।

(घ) ग्यारहवां बोल।

(ड़) पांचवें उपयोग से बारह उपयोग तक।

कृ. पृ. प.

प्र. 5 किन्हीं छह प्रश्नों के उत्तर लिखें– 18

(क) तीन गति किसमें व किस अपेक्षा से?

(ख) तेरह योग किसमें और कैसे?

(ग) पांच आत्मा किसमें और किस अपेक्षा से?

(घ) चार शरीर किसमें व किस अपेक्षा से?

(ड़) आठ दण्डक किसमें व किस अपेक्षा से?

(च) पांच लेश्या किसमें व किस अपेक्षा से?

(छ) उन्नीस दण्डक किसमें और क्यों?

(ज) जीव के दो भेद किसमें व क्यों?

प्र. 6 किन्हीं छह प्रश्नों के उत्तर लिखें– 12

(क) दो पर्याप्ति किसमें व कौन सी?

(ख) जीव के नौ भेद किसमें व कौन से?

(ग) चार द्रव्य किसमें?

(घ) दो दृष्टि किसमें व कौन सी?

(ड़) तीन लेश्या किसमें व कौन सी?

(च) आठ योग किसमें व कौन से?

(छ) पांच दण्डक किसमें व कौन से?

(ज) तीन जाति किसमें व कौन सी?

पच्चीस बोल की चतुर्भंगी–35

प्र. 7 किन्हीं पांच बोल की चतुर्भंगी लिखें– 25

(क) आठवां बोल।

(ख) बाईसवां बोल।

(ग) सतरहवां बोल।

(घ) निर्जरा के 12 भेद।

(ड़) ग्यारहवां बोल।

(च) छठा बोल।

प्र. 8 किन्हीं दस प्रश्नों के उत्तर लिखें– 10

(क) किस गति के जीव असंख्य हैं?

(ख) भावेन्द्रिय किस कर्म का कौन सा भाव है?

(ग) आहारक शरीर किसके होता है?

(घ) मनःपर्यवज्ञान वाले सबसे कम क्यों होते हैं?

(ङ) अचक्षुदर्शन वाले जीव अधिक क्यों होते हैं?

(च) शुक्ल लेश्या वाले जीव कम क्यों होते हैं?

(छ) जीव के दूसरे भेद वाले जीव अधिक क्यों हैं?

(ज) आत्मा किस कर्म का उदय है?

(झ) सामायिक चारित्र किस अपेक्षा से शाश्वत है?

(ञ) षड्द्रव्य किस कर्म का उदय है?

(ट) कौन-कौन सी आत्मा सब जीवों के होती है?

(ठ) श्रावक में सम्यक्त्व संवर क्यों पाता है और कौन से गुणस्थान में होता है?